दिन– शुक्रवार दिनांक– 13/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसान होंगे लाभांवित।

02 प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कार्रवाई हुई तेज। पटना और अररिया में तीन सौ से अधिक रसोई गैस सिलेंडर जब्त।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज सहरसा और खगड़िया जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां और अररिया जिले में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। योजना के अन्तर्गत बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में राशि भेजी जाएगी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

———साउंड बाइट———

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी उथल–पुथल के बावजूद भारत वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद राष्ट्र बना हुआ है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। श्री मोदी ने कहा कि तेल उत्पादन को बढ़ावा देने, ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

———साउंड बाईट———

———————————————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल की स्थिति मजबूत है। लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आने के मुद्दे पर उनहोंने कहा कि देश में रसोई गैस की

घरेलू आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षति है और गैस सिलेंडरों की बुकिंग से डिलिवरी की तय सीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और यह ढाई दिन बनी हुई है। श्री पुरी ने कहा कि पैंतीस करोड़ परिवारों विशेषरूप से गरीबों और वंचित लोगों के लिए रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति करना सरकार की प्राथमिकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि रसोई गैस को लेकर लोगों में घबराहट हैं और रेस्त्रां चलाने में मुश्किलें आ रही हैं। रेहड़ी पटरी वालों पर भी इसका असर पड़ा है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगाने और कड़ी निगरानी के लिए सभी जिलों को निर्देश दिये हैं। वैश्विक परिदृष्य से उत्पन्न ऊर्जा संकट की स्थिति को देखते हुये विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर कार्रवाई के करने के निर्देश दिये हैं। विकास आयुक्त ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का व्यावसायिक स्तर पर उपयोग नहीं होने के संबंध में निगरानी रखने पर भी जोर दिया है। बिहार–झारखंड में इंडियन ऑयल के राज्य प्रमुख अनुप कुमार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। आईओसी द्वारा वर्तमान में कुछ तकनीकी समस्या के कारण ओटीपी को स्थगित कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को घबराहट में अनावश्यक सिलेंडर भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है।

पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. के निर्देश पर जिले के सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गयी है। गैस एजेंसियों के पास एक दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

इधर, प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पटना जिला प्रशासन ने विभिन्न गैस एजेंसियों पर छापेमारी के दौरान बाढ़ से चार और दानापुर से एक सौ बत्तीस अवैध रसोई गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। वहीं, जिले के फुलवारीशरीफ में गैस वितरक के गोदाम की जांच में अनियमितता मिलने पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, जिले में एक गैस सिलेंडर डिलीवरी बॉय के खिलाफ अनियमितता बरतने के आरोप में पाटलिपुत्र थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसके साथ ही अररिया जिले के फारबिसगंज स्थित अंसारी चौक के पास घर और गोदाम से अवैध दो सौ पचास

सिलेंडर जब्त किये गये हैं। इस संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सहरसा और खगड़िया जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री सहरसा में पांच सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ पच्चीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वहीं, खगड़िया जिले में मुख्यमंत्री तीन सौ चार करोड़ रूपये की लागत वाली तीन सौ उन्नीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोनों जिलों में जनसंवाद कार्यक्रम और विकास योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

———————————————————————

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिये होने वाले चुनाव के लिये एनडीए ने अपने विधायकों को सोलह मार्च तक पटना में रहने के निर्देश दिये हैं। कल उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर आयोजित एनडीए विधायकों की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिये गये। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि बैठक में विधायकों को वोट देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी।

———साउंड बाईट———

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बैठक में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय शर्मा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद थे।

———————————————————————

उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी विभागों में स्थानीय बाजार में निर्मित सामग्री का ही उपयोग किया जायेगा। पटना में एक दिवसीय निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री जायसवाल ने कहा कि दूसरे प्रदेश में बनी सामग्रियों के उपयोग पर रोक लगायी जायेगी। श्री जायसवाल ने कहा कि बिहार में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय खोलने की योजना तैयार की जा रही है। इससे बिहार में बने उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध होगा।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग—ओबीसी आरक्षण की पात्रता केवल माता—पिता की आय के आधार पर निर्धारित नहीं की जा सकती है। न्यायालय ने कहा कि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों से अलग मानना भेदभाव है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और

आर. महादेवन की पीठ ने सिविल सेवा परीक्षा में ओबीसी–नॉन–क्रीमी लेयर के दावों पर दिल्ली, मद्रास और केरल उच्च न्यायालयों के निर्णयों को बरकरार रखा। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर को बाहर रखना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है ताकि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों तक पहुंचे।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि विधानसभा समितियों की कार्यशिलता को देखते हुये विधानसभा सत्र की अवधि को बढ़ाने की सिफारिश की जायेगी। लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सदस्यों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में श्री कुमार ने कहा कि इससे सदन में विमर्श को ज्यादा समय मिल सकेगा।

———————————————————————

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन कल शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। श्री हसनैन प्रदेश के तैंतालीसवें राज्यपाल होंगे। वे वर्तमान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां का स्थान लेंगे। वहीं, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, नंद किशोर यादव आज नगालैंड के तेईसवें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे।

———————————————————————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, एफएसएसएआई ने देशभर में दूध और डेयरी उत्पादों में मिलावट की बढ़ती शिकायतों को देखते हुये दुग्ध उत्पादों की बिक्री के लिए लाईसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति या संस्था बिना उचित पंजीकरण या लाईसेंस के दूध का कारोबार नहीं कर सकेगी। हालांकि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए लाईसेंस नहीं लेना होगा।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां और अररिया जिले में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, पटना समेत आस–पास के जिलों में आज सुबह कुहासे की स्थिति देखी गयी। कई स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये हुये हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर जमुई सदर अस्पताल के उपाधीक्षक समेत तीन चिकित्सकों को निलंबित कर दिया है। इन चिकित्सकों पर माओवादी कमांडर के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी करने और तथ्यों को छिपाने का आरोप है।

————————————————————————

पटना जिले के दीघा थानाध्यक्ष को एक जमीन के मामले में पक्षपात करने के आरोप में एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र में दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार जहरीले पदार्थ के सेवन से इनकी मौत हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर लिखा है– बिहार में औद्योगिक समृद्धि आयेगी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– अधिकारियों और राजस्वकर्मियों की हड़ताल के बावजूद नहीं रूकेगा काम, राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कार्य जारी रखने को वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गयी है।

दैनिक भास्कर ने ईरान–इस्रायल युद्ध पर लिखा है– अन्तरराष्ट्रीय डाक बुकिंग बंद, हजारों लोगों का सामान फंसा। मध्य–पूर्व में उड़ान बाधित इसलिए रोकी गयी सेवा।

प्रभात खबर लिखता है– नेपाल चुनाव में आरएससी को एक सौ बयासी सीट, बालेन्द्र होंगे नये पीएम।

राष्ट्रीय सागर और आज अखबार ने रसोई गैस और उसकी कालाबाजारी की रोकथाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसान होंगे लाभांवित।

02 प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कार्रवाई हुई तेज। पटना और अररिया में तीन सौ से अधिक रसोई गैस सिलेंडर जब्त।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज सहरसा और खगड़िया जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां और अररिया जिले में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।